यूपी से 15 हजार करोड़ के मोबाइल का निर्यात

सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने कहा- 4 साल में 22 लाख करोड़ के निर्माण का है लक्ष्य

नई दिल्ली। कोरोनाकाल में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक निर्माण की धुरी के रूप में उभरा है। मोबाइल निर्माता कंपनियों एप्पल व सैमसंग ने इस दौरान प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपये के मोबाइल फोनों का उत्पादन किया। इनमें से 15 हजार करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात हुए। सरकार अब 2025 तक इस क्षेत्र में 22 लाख करोड़ रुपये के निर्माण का बड़ा लक्ष्य तय करके आगे बढ़ रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने 'अमर उजाला' से बातचीत में दावा किया, यह विरोधियों को जवाब है, जो कहते हैं कि यूपी में कुछ नहीं हुआ। आईटी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बेहद सीमित समय में

दो करोड़ रोजगार के मौके : अनुमान के मुताबिक अल्प समय में ही मोबाइल निर्माण क्षेत्र में पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश में इससे जुड़े करीब 25 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। अगर निर्माण-निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लिया, तो 2025 तक इस क्षेत्र में दो से ढाई करोड़ रोजगार के अवसर बनेंगे।

तमिलनाडु, कर्नाटक व आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों को कड़ी टक्कर दे रहा है। प्रधानमंत्री ने 2025 तक क्षेत्र में 22 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्यूरो